**विकलांगता के साथ रह रहे युवाओं की समग्र यौनिकता शिक्षा के लिए विकसित शिक्षक टूलकिट पर प्रशिक्षण व असाइनमैंट कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित हैं**

Feminist Approach to Technology

---

**<u>कार्यक्रम की पृष्ठभूमि</u>**

समाज में विकलांगता के साथ रह रहे लोगों की यौनिकता के बारे में अनेक मिथक और भ्रांतियाँ प्रचलन में हैं। इन मिथकों और भ्रांतियों के विध्यमान होने का लगातार खंडन भी किया जाता है। किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह, विकलांगता के साथ रह रहे लोगों का सामना भी समान सामाजिक परिस्थितियों, मूल्यों, सुंदरता के मानकों, सम्बन्धों और यौनिकता से होता है। ये लोग भी अपनत्व और स्नेह का अनुभव करते हैं, प्रेम और यौन संबंध बनाने की इच्छा मन में रखते हैं। इसके अलावा औरों की तुलना में ये अधिक संवेदनशील होते हैं, इन्हें यौन शिक्षा दिये जाने की आवश्यकता है जिससे कि यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकारों के बारे में इनका उचित दृष्टिकोण विकसित हो सके।

विशेष शिक्षकों को भी यौनिकता के बारे में छात्रों को जानकारी और मार्गदर्शन देने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है क्योंकि इस विषय पर जानकारी का अभाव है और बहुत सी मिथ्या जानकारी चलन में है। इसलिए, यौनिकता विषय पर ऐसे प्रभावी पाठ्यक्रम विकसित किए जाने और सुलभ पठन सामाग्री तैयार करने की आवश्यकता है जो शिक्षा देने के इच्छुक लोगों के लिए सहायक हो सकें।

दिल्ली में कार्यरत संस्था, *फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी (FAT),* नें लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं को यौनिकता के बारे में समग्र शिक्षा देने के लिए एक टूलकित वीसैट करने की परियोजना आरंभ की है। इस टूल किट में लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं को यौनिकता पर समग्र शिक्षण देने के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले टूल्स के अलावा विशेष शिक्षकों के प्रयोग के लिए एक समन्वयक गाइड भी शामिल है। जहां सामान्य युवाओं के लिए ऐसी अनेक टूल किट्स आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं, वहीं विकलांगता के साथ रह रहे युवाओं के लिए, जिनकी विशेष आवश्यकताएँ होती है और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य व अधिकारों (SRHR) से जुड़े जिनके अनुभव भी बहुत अलग होते हैं, उपलब्ध संसाधनो की बहुत अधिक कमी है।

फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी इस टूलकिट का विकास, विकलांगता और यौनिकता विषय पर काम करने वाले अनेक दूसरे संगठनो और विशेषज्ञों के सहयोग से और उनके साथ मिलकर कर रहा है।

**<u>प्रशिक्षण और 2 सप्ताह के असाइनमैंट कार्यक्रम का ब्योरा</u>**

इस टूल किट के लिए विकसित किए गए टूल्स में ***"समन्वयकों के लिए मैनुअल - लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं के साथ समग्र यौनिकता शिक्षा पर चर्चा"*** विषय से एक निर्देशिका विकसित की गयी है जिसे विशेष शिक्षकों, प्रशिक्षकों, अध्यापकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं को यौनिकता विषय पर समग्र शिक्षा देने के लिए प्रयोग में लाया जाएगा। इस निर्देशिका में सहभागिता आधार पर की जाने वाली गतिविधियां और शिक्षण सत्र शामिल किए गए हैं जो प्रशिक्षार्थियों के लिए उपयोग में सरल और अनुकूल हैं।

इस निर्देशिका के अतिरिक्त टूल किट में शामिल दूसरे टूल्स का प्रयोग कर निर्देशिका को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। युवा प्रतिभागियों को ये सामग्री उनकी जानकारी को बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। युवा के लिए खुद प्रयोग करके समग्र यौनिकता शिक्षा हासिल करने के लिए तैयार इस सामग्री में ***पॉडकास्ट, कॉमिक्स*** और ***फिल्में*** शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक ***क्विज प्रश्नोत्तरी*** भी है जिसमें शामिल प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जानकारी के स्तर को जांच सकते हैं। विषय पर अधिक गहराई से जानकारी पाने के इच्छुक प्रशिक्षुकों के लाभ के लिए एक ***ऑनलाइन पाठ्यक्रम*** भी उपलब्ध है।

*फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी,* लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं के साथ नियमित रूप से काम कर रहे विशेषज्ञों (विशेष शिक्षकों, प्रशिक्षकों, अध्यापकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों व अन्य) को समन्वयक गाइड के प्रयोग पर प्रशिक्षण के लिए इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थियों से 2 सप्ताह की फीडबैक गतिविधि करना अपेक्षित होगा। 2 सप्ताह की इस अवधि में प्रशिक्षार्थी इस समन्वयक गाइड का प्रयोग कर 18 से 35 वर्ष के युवाओं (किसी भी जेंडर के) को प्रशिक्षित करेंगे, अपने अनुभवों, सीखों और फीडबैक का संकलन *फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी* संस्थान को भेजेंगे।

इस टूल किट का वास्तविक प्रयोग करने वाले लोगों को इस कार्य में सम्मिलित करने से हमें टूल किट के डिज़ाइन में सुधार के लिए उनके विचारों को समाहित करने में सहायता मिलेगी और इससे टूल किट की क्रियान्वयन व गुणवत्ता में सुधार हो पाएगा। *फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी* द्वारा इस फीडबैक असाइनमैंट में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षक को उनके समय व प्रयासों की भरपाई के लिए 5000 रुपये के स्टाइपेंड का भुगतान किया जाएगा।

## कार्यक्रम तिथि व कार्ययोजना

**दिल्ली में आवासीय प्रशिक्षण** : 21 अगस्त 2019 से 23 अगस्त 2019, नयी दिल्ली। यात्रा व्यय और रहने के खर्च का वहन *फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी द्वारा किया जाएगा।* कार्यशाला के संबंध में चुने हुए सहभागियों को विस्तृत सूचना भेजी जाएगी।

**प्रशिक्षण उपरांत 2 सप्ताह की असाइनमैंट गतिविधि** : 26 अगस्त से 10 सितंबर 2019 - खुद के कार्य स्थल पर।

- प्रत्येक सहभागी अपने ही कार्यस्थल पर अपने समूह में लोकोमोटोर विकलांगता वाले कम से कम 10 युवाओं को इस समन्वयक गाइड का प्रयोग कर प्रशिक्षित करेंगे। इसके पश्चात वे इस गाइड को प्रयोग में लाने की व्यवहारिकता पर अपना फीडबैक पहले से तैयार उत्तर पत्रिका के माध्यम से देंगे। युवाओं को यह प्रशिक्षण 26 अगस्त 2019 से 10 सितंबर 2019 के बीच पूरा कर लिया जाना अपेक्षित होगा। इस दौरान की गयी गतिविधियों के चित्रों सहित उत्तर पत्रिका को 12 सितंबर 2019 तक वापस भेजना होगा।
- उत्तर पत्रिका और गतिविधि के चित्रों के प्राप्त होने पर स्टाइपेंड राशि का भुगतान किया जाएगा। दिल्ली में आवासीय प्रशिक्षण के दौरान इस संबंध में एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएँगे।

**भाषा**: समन्वयक के लिए निर्देशिका को हिन्दी और अँग्रेजी भाषाओं में तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से हिन्दी भाषा का प्रयोग होगा।

## पात्रता की शर्तें

लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं के साथ नियमित रूप से काम कर रहे विशेषज्ञ (विशेष शिक्षक, प्रशिक्षक, अध्यापक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ व अन्य)

कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को अपने कार्यक्रम / परियोजना में विकलांगता के साथ रह रहे युवाओं को प्रशिक्षित करने और समन्वयक गाइड पर अपना फीडबैक पर 5000 रुपये के स्टाइपेंड का भुगतान।

## आवेदन प्रक्रिया

कृपया संलग्न आवेदन प्रपत्र देखें। आवेदक के सम्पूर्ण बायो डाटा और एक अनुशंसा के साथ आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 1 अगस्त 2019 है।

**आवेदन पत्र : विकलांगता के साथ रह रहे युवाओं की समग्र यौनिकता शिक्षा के लिए विकसित शिक्षक टूलकिट पर प्रशिक्षण व असाइनमैंट कार्यक्रम**

Feminist Approach to Technology

नाम:
आयु :
जेंडर :
व्यवसाय :
संबद्धता :
संपर्क के लिए विवरण :
(कृपया अपने फोन नंबर और ईमेल अवश्य दें)

1. कृपया लोकोमोटोर विकलांगता वाले युवाओं के साथ अपने कार्य का विवरण दें।
2. क्या आप इन युवाओं के साथ नियमित रूप से कार्य करते हैं? समूह में युवाओं के साथ अपने संपर्क की आवृति का ब्योरा दें।
3. क्या आपने इससे पहले यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य व अधिकार विषय पर किसी प्रशिक्षण में भाग लिया है? यदि हाँ, तो कार्यक्रम का ब्योरा दें।
4. क्या आप युवाओं के लिए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य व अधिकार (SRHR) कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं? यदि हाँ, तो इसके तहत आप किन विषयों पर चर्चा करते हैं और प्रशिक्षण के लिए किस तकनीक को प्रयोग में लाते हैं?
5. युवाओं के बीच यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एवं अधिकार विषय पर कार्य करते हुए क्या आपको किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? यदि हाँ, तो कृपया विस्तार से बताएं।
6. क्या आप 26 अगस्त 2019 से 10 सितंबर 2019 के बीच इस समन्वयक गाइड का प्रयोग करते हुए लोकोमोटोर विकलांगता से ग्रस्त कम से कम 10 युवाओं को प्रशिक्षित करने और इसके पश्चात अपनी रिपोर्ट हमें निर्धारित फ़ारमैट में 12 सितंबर 2019 तक भेजने के प्रति प्रतिबद्ध हैं?
7. कृपया अपना नवीनतम किन्तु संक्षिप्त ब्यौरा और साथ इस आपके कार्य के बारे में किसी प्रबुद्ध व्यक्ति की अनुशंसा संलग्न करें।

आवेदकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने आवेदन हमें ईमेल द्वारा projects@fat-net.org पर अधिकतम 1 अगस्त 2019 तक अवश्य भेज दें।

धन्यवाद,

*फेमिनिस्ट अप्रोच टू टेक्नालजी (FAT)*